---

**प्रेस विज्ञप्ति / Press Release** **5 दिसम्बर / December, 2019**

---

# गुजरात में एमएसएमई पारितंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु सिडबी द्वारा लोकसंपर्क कार्यक्रम

## SIDBI launches outreach programme for strengthening MSME ecosystem in Gujarat

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम क्षेत्र के संवर्द्धन, वित्तपोषण और विकास में संलग्न शीर्ष संस्था भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी) ने विकास आयुक्त, एमएसएमई मंत्रालय, वित्तीय सेवाएँ विभाग, वित्त मंत्रालय और गुजरात सरकार के सहयोग से अहमदाबाद, गुजरात में एमएसएमई पारितंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए अपने लोक संपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया। इस लोक-संपर्क कार्यक्रम का महत्तर उद्देश्य विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्मों के संबंध में ज्ञान का प्रसार करना और एमएसएमई संबंधी मामलों में गुजरात राज्य सरकार के साथ अंतरंग सहयोग को सुगम बनाना है।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the apex financial institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small & Medium Enterprises (MSMEs), organises an outreach programme for strengthening Micro, Small & Medium Enterprises ecosystem in Ahmedabad, Gujarat in collaboration with Development Commissioner - Ministry of MSME, Department of Financial Services – Ministry of Finance and Government of Gujarat. The main objective of the outreach programme is knowledge dissemination on digital platforms and to have closer cooperation with the State Government of Gujarat on MSME issues.

इस अवसर पर सिडबी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक श्री मोहम्मद मुस्तफा, आईएएस ने कहा कि "यह प्रयास हमारे सिडबी विज़न 2.0 का एक अंग है, जिसके अंतर्गत मिशन स्वावलंबन हमारी सर्वसमावेशी पहलकदमी है। इस प्रयास का प्रधान उद्देश्य एमएसएमई के हितधारकों की अपेक्षाओं का प्राक्कलन करना, राज्य की उत्कृष्ट प्रथाओं को चिह्नित करना और राज्य विशेष की योजनाओं के संबंध में सुझाव देना है। इस कार्यक्रम के संपन्न होने के उपरांत, विभिन्न राज्यों की उत्कृष्ट नीतिगत प्रथाओं को सूचीबद्ध किया जाएगा और अन्य राज्यों की उत्कृष्ट प्रथाओं सहित विभिन्न क्षेत्रों की समस्याओं का समाधान किया

जाएगा। हम इन कार्यक्रमों के माध्यम से एमएसएमई उद्यमों द्वारा अधिक से अधिक भागीदारी की उम्मीद करते हैं और उनसे इन पहलकदमियों से अधिकाधिक लाभान्वित होने का आग्रह करते हैं।"

On this occasion, Shri Mohammad Mustafa, IAS, Chairman & Managing Director, SIDBI, said, "This initiative is a part of our SIDBI Vision 2.0 under which Mission Swavalamban is our umbrella initiative. The prime objective of the initiative is to gauge the expectation of MSME stakeholders, identify the good practices of the State and suggest State-specific schemes. As an outcome of the programme, good practices of various State policies would be enlisted and solutions to the problem statements would be mapped including good practices of other States. We expect greater participation by MSMEs in these programmes and urge them to make best use of these initiatives."

सिडबी द्वारा उद्योगों तक पहुँचने का आधे दिन का यह कार्यक्रम सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम पर बनी सेबी के पूर्व अध्यक्ष श्री यूके सिन्हा की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञ समिति की सिफारिश पर आधारित है। इसके तहत सिडबी को राज्य सरकारों के साथ सहयोग कर राज्य से सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम इकाइयों को डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म जैसे पीएसबीलोन्स इन फिफ्टीनाइन मिनट्स, स्टॉक एक्सचेंजों पर सूचीकरण , ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म आदि पर लाना शामिल है। इस पहलकदमी के तहत उद्योग तक पहुँचने का यह चौथा लोक-संपर्क कार्यक्रम है जो कि उत्तर प्रदेश बिहार और उत्तराखंड से शुरू होकर गुजरात में हो रहा है और शीघ्र ही 6 अन्य चिह्नित राज्यों में किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के लक्षित श्रोतागणों में प्रत्येक केंद्र में राज्य सरकार, बैंक, उद्योग संघ, तकनीकी परामर्श संगठनों के अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित हितधारकगण होंगे।

This half-day outreach programme by SIDBI is based on recommendation of the expert committee on MSMEs headed by Shri U.K. Sinha, former chairman of Securities and Exchange Board of India (SEBI), for SIDBI to collaborate with State Governments to get MSME units from the State onto digital platforms such as PSBloansIn59minutes, listing on stock exchanges, e-commerce platforms etc. This is the 4th outreach programme under this initiative, which had started with Uttar Pradesh, Bihar, Uttarakhand followed by Gujarat and it will further be carried out in other 6 identified States shortly. Target audience of these programmes would be officials from State Governments, banks, industry associations, Technical Consultancy Organizations (TCOs), MSME and other relevant stakeholders at each centre.

गुजरात राज्य के अहमदाबाद में आयोजित इस कार्यक्रम में गुजरात सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों सहित उद्योग आयुक्तालय, जिला उद्योग केंद्र, भारतीय रिज़र्व बैंक, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड), बैंक, एमएसएमई विकास संगठन, उद्योग संघ और एमएसएमई के विभिन्न हितधारकों की भारी भागीदारी रही। इसके अंतर्गत, ऋण तक सुगम पहुँच, पीएसबी लोन इन 59 मिनिट्स पर संवेदीकरण, स्टॉक एक्सचेंजों व ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर लिस्टिंग, सरकार ई-मार्केटप्लेस (GeM), ब्याज अनुदान, उदमीमित्र, मिशन स्वावलंबन, प्रयास योजना और सिडबी के अन्य उत्पाद विषयों को सम्मिलित किया गया। राज्य सरकार के अधिकारियों ने राज्य सरकार की योजनाओं और राज्य सरकार की अपेक्षाएँ विषय पर सत्र लिया। इन सत्रों के बाद प्रतिभागियों द्वारा समूह चर्चा की गई।

The programme held at Ahmedabad in the State of Gujarat witnessed huge participation from various stakeholders including senior officials of Govt. of Gujarat, Commissionerate of Industries, District Industries Centres, Reserve Bank of India, National Bank for Agricultural and Rural Development (NABARD), banks, MSME development organisations, Industry Associations and MSMEs. Under this, session on schemes for Ease of Access, sensitization programme on PSBLoansIn59Minutes, listing on stock exchanges, ecommerce platforms – Government e-Marketplace (GeM), Interest Subvention, Udyami Mitra, Mission Swavalamban, Prayas Scheme and other products of SIDBI were carried out. Session on State schemes in terms of schemes and expectations of State Government was taken by State Government officials. These sessions were followed by group discussions by participants.

कार्यक्रम का उद्घाटन श्री एच डी श्रीमाली, अपर उद्योग आयुक्त, गुजरात सरकार ने किया । क्रेडिट और गैर-वित्तीय सेवाओं तक पहुंच में आसानी के संदर्भ में राज्य सरकार की अपेक्षाओं को सूचीबद्ध किया गया। इस पहल के लिए महत्वपूर्ण साझेदार, जीईएम, पीएसबी लोन इन 59 मिनिट्स, नेशनल स्टॉक एक्स्चेंज (NSE) और डन एंड ब्रैडशीट (डी एंड बी)हैं।

The programme was inaugurated by Shri H. D. Shrimali, Additional Industries Commissioner, Govt of Gujarat. Expectations of the State government in terms of ease of access to credit and non-financial services were enlisted. The valued partners for the initiative are GeM, PSBLoansIn59Minutes, National Stock Exchange (NSE) and Dun & Bradstreet (D&B).

**सिड्बी के बारे में**: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को छुआ है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

**About SIDBI**: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. To know more, check out: https://www.sidbi.in

**मीडिया संपर्क:** नीलाश्री बर्मन, मोबाइल: +91 8879760249, ई मेल: neelasrib@sidbi.in
**Media contact:** Neelasri Barman, Mobile: +91 8879760249, E-mail: neelasrib@sidbi.in